ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY
A++ NAAC
nirf
इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़–202001 (उत्तर–प्रदेश)

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार

F. No. IG/RC-47/2025/134
दिनांक:-15.09.2025

डॉ. अजय वर्धन आचार्य
क्षेत्रीय निदेशक
Dr. Ajay Vardhan Acharya
Regional Director

स्वच्छता पखवाडा– 2025 प्रतिवेदन इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़

इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े–2025 का शुभारम्भ किया गया। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत सफाई अभियान की शुरूआत क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ परिसर की गयी तथा स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान–2025 एवं सुझाव पेटिका स्वच्छ अलीगढ़– स्वस्थ अलीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय अलीगढ़ में रखी गयी जिससे विद्यार्थी एवं आम नागरिक स्वच्छ भारत स्वच्छ अलीगढ़ अभियान से जुड़ सके। इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से आयोजित स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ शुकवार को महापौर माननीय प्रशान्त सिधंल और इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने किया। महापौर प्रशान्त सिधंल ने कहा कि अलीगढ़ का स्वच्छ स्वस्थ बनाने के लिये सभी को एकजुट होना होगा। कूडा डस्टविन में ही डालना होगा। अलीगढ़ शहर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं इग्नू के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों में कार्यशाला गोष्ठीं और जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर विशाल नारायण शर्मा, अमित सक्सैना, सैययद रजा अब्बास, मनोज डॉ. तरूण शर्मा आदि उपस्थित रहे। इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं श्रीवार्ष्णेय महाविद्यालय अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13.09.2025 को व्यावसायिक प्रशासन विभाग में स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा स्वच्छता के महत्व एवं अलीगढ़ स्वच्छ–अलीगढ़ स्वस्थ पर व्याखान दिया गया तथा स्वच्छता शपथ विद्यार्थीयों एवं प्राध्यापकों को दिलवाई गई। दिनांक 13.09.2025 को इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ एवं अलीगढ़ कम्प्यूटर विभाग अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता में युवाओं की भूमिका एवं स्वस्थ अलीगढ़– स्वच्छ अलीगढ़ विषय पर इग्नू अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा व्याख्यान दिया गया तथा स्वच्छता शपथ विद्यार्थीयों एवं प्राध्यापकों को दिलवाई गई।

कार्यालय पता– श्री टीकाराम कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामघाट रोड, अलीगढ़–202001
Email: rcaligarh@ignou.ac.in, avacharya@ignou.ac.in
Mob. 9887008922,8869829838,

Scanned with OKEN Scanner

इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र–2713 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14.09.2025 को स्वच्छता पखवाड़ा कार्याशाला एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य रहे। उन्होनें स्वच्छता पखवाड़े के महत्व एवं उपयोगिता, स्वच्छ अलीगढ़ स्वास्थ अलीगढ़ पर विस्तार से प्रकाश डाला। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्यने स्वच्छ भारत मिशन 2025 को मुख्य विशेषताएँ, नगर निगम अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त कार्ययोजना के बारे में बताया तथा विकसित– 2047 भारत विकसित 2047 उत्तर प्रदेश में स्वच्छ–अलीगढ़–स्वस्थ अलीगढ़ पर प्रकाश डाला। इस स्वच्छता पखवाड़े की कार्यशाला में इग्नू के समन्वयक एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आसिम जफर ने स्वच्छता के अन्तर्गत विद्याथियों की सहभागिता पर प्रकाश डाला। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य एवं इग्नू समन्वयक एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आसिम जफर के द्वारा अध्ययन केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण अभियान के तहत शहतूत का पौधे को लगाया गया। साथ ही साथ स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान एवं स्वच्छता–अलीगढ़ सुझाव पेटिका का शुभारम्भ किया गया।

इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ एवं हीरालाल बारहसैनी इण्टर कॉलेज अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ का आयोगजन दिनांक 15.09.2025 को किया गया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को स्वच्छता शपथ दिलवाई इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ एवं डीएवी इण्टर कॉलेज अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्दता पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ का आयोजन दिनांक 15.09.2025 को किया गया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा कक्षा 9 एवं 10 वीं विद्यार्थीयों एवं शिक्षको को स्वच्छता शपथ दिलवाई गई।

इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ एवं श्रीटीकाराम कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ का आयोजन दिनांक 15.09.2025 को संगोष्ठी कक्ष श्रीटीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ एवं कृष्णा एण्ड श्रीराम मैमोरियल वैदिक इण्टर कॉलेज अतरौली के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़े के तहत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र–छात्राओं के मध्य स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 40 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्याथियों को इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

भवदीय,

डॉ. अजय

डॉ. अजय वर्धन आचार्य 15/9/2025

क्षेत्रीय निदेशक

इग्नू अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner